# सरला बिरला पब्लिक स्कूल

**महिलौंग, राँची**

पैरेन्ट ऑरिएन्टेशन पत्र (2023-24)

Ref.: SBPS/22-23/1574 — **कक्षा– VI - X तथा XII** — Date: 03.03.2023

कुछ महत्वपूर्ण और ध्यान देने योग्य बातें :–

1. कक्षा–VI-X तथा XII के लिए नए सत्र की शुरूआत 20.03.2023 को होगी।
   समय – आगमन –6:40 am, प्रस्थान –12:30 pm.
2. कृपया सभी पुस्तकों और कॉपियों को कवर करें और पुस्तक सूची के अनुसार उनपर नाम अंकित करें।
3. कृपया यह ध्यान रखें कि आपका बच्चा नियमित रूप से स्कूल डायरी लेकर स्कूल आए।
4. कृपया स्कूल डायरी में दिए गए नियमों को ध्यान से पढ़ें और इन्हें पूरा करें। कृपया स्कूल डायरी रोज देखें एवं उसपर हस्ताक्षर करें।
5. छात्र के प्रोफाइल में बार–बार बदलाव ना करें। यदि यह आवश्यक हो तो स्कूल डायरी में दिए गए फारमैट का पालन करें।
6. छुट्टी के लिए और बस नंबर या बस स्टॅपेज में बदलाव के लिए स्कूल डायरी में दिए गए फारमैट का पालन करें। सत्र के बीच में बस सुविधा वापस लेने की अनुमति नहीं होगी।
7. अपने बच्चे को समय–तालिका के अनुसार बैग पैक करना सिखाएँ जिससे उनका स्कूल बैग भारी न हो। बच्चे शिक्षकों द्वारा बताई गई पुस्तकें ही लेकर आएँ।
8. अपने बच्चे की स्कूल डायरी में अनुपस्थिति रिकार्ड नियमित रूप से भरें।
9. कृपया बच्चे को साफ–सुथरे यूनिफार्म में स्कूल भेजें। छात्रों को प्रतिदिन आईडी कार्ड लाना अनिवार्य है।
10. जब भी आप स्कूल आएँ, हमेशा अपने साथ अभिभावक पहचान पत्र रखें। यदि किसी कारणवश पहचान पत्र खो जाता है तो क्लास टीचर या स्कूल ऑफिस में सूचित करें। 150 रूपये जमा करने के बाद दूसरा कार्ड प्रदान किया जाएगा।
11. बच्चों को लंच बॉक्स प्रतिदिन लाना अनिवार्य है। कृपया हरी सब्जियों को प्राथमिकता दें। छात्र पारदर्शी पानी की बोतलें लेकर आएंगे। साथ में **दो नैपकिन**, चम्मच/काँटा भी दें।
12. कक्षा VI–XII के विद्यार्थियों के लिए सप्ताह में एक दिन कैंटिन की सुविधा उपलब्ध होगी। संबंधित सेड्यूल बाद में प्रदान की जाएगी।
13. PTM में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है क्योंकि यह आपके बच्चे की शैक्षिक तथा सह–शैक्षिक प्रगति से आपको अवगत कराता है। PTM के दिन स्कूल यूनिफॉर्म पहनना अनिवार्य है।
14. जब आपका बच्चा किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग कर रहा हो तो सतर्क और सावधान रहें। आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चा उपकरण का प्रयोग विवेकपूर्ण तरीके से और एक निश्चित समय सीमा के भीतर कर रहा है। उनके विचारों को जानें और उन्हें बातचीत में शामिल करें।
15. बच्चों के लिए उनकी उम्र के हिसाब से नियम घर में ही तय करें, अपने बच्चों को इसे सीखने में मदद करें। काम करने का अवसर प्रदान कर बच्चों में स्वतंत्रता और उत्तरदायित्व की भावना का विकास करें।
16. स्कूल डायरी में पीरिऑडिक टेस्ट शेड्यूल के बारे में बताया गया है। कृपया दिए गए पाठ्यक्रम का पालन करें।
17. स्कूल डायरी में एक अवकाश सूची दी गई है। कृपया इसे ध्यान से देखें। किसी भी घोषित 'बंद' के दौरान कक्षाएँ स्थगित रहेंगी एवं इसकी सूचना आपको SMS या नोटिस के द्वारा दी जाएगी। अपरिहार्य कारणों (बंद, अत्यधिक गर्मी, ठंड आदि) से स्कूल बंद होने वाले दिनों में छात्रों की वर्चुअल कक्षाएं हो सकती हैं।
18. अपने बच्चे की खूबियों को पहचानें। अच्छी आदतों की प्रशंसा करें और उनकी कमजोरियों को दूर करने में उनकी सहायता करें।
19. अपने बच्चों को सरल और मिलनसार बनाएँ। बच्चे के जन्मदिन पर उसके सहपाठियों और शिक्षकों के लिए टॉफी भेजें, या आप एक पौधा भी भेज सकते हैं जो स्कूल में लगाया जाएगा। कृपया शिक्षकों और सहपाठियों के लिए कोई उपहार न भेजें।
20. बच्चों के सामने स्कूल, शिक्षकों अथवा स्कूल प्रबंधन की आलोचना ना करें बल्कि सकारात्मक सोच के साथ बच्चों की सफलता के लिए मंच तैयार करें।
21. कृपया सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा स्कूल परिसर में कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट न लाए। यदि किसी तरह के ऐसे गैजेट्स विद्यार्थियों के पास पाए जाएँगे तो उसे ज़ब्त कर लिया जाएगा एवं उसे पूरे सत्र तक दिया नहीं जाएगा।
22. अपने बच्चे को किसी भी प्रकार की धारदार वस्तु जैसे: ब्लेड, कैंची, शार्पनर, चाकू इत्यादि लाने की अनुमति न दें।
23. कृपया यह सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा सिवाय अकादमी/आर्ट एजुकेशन के लिए निर्धारित दिन के अन्य किसी भी दिन खेल उपकरण साथ न लाए।
24. नित्य प्रति समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।
25. विद्यार्थी को अपने सामानों के सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना चाहिए। महँगे सामान– घड़ी, कलम आदि विद्यालय में लेकर आने से परहेज़ करना चाहिए।
26. यह सुनिश्चित हो कि आपके बच्चे विद्यालय द्वारा आयोजित शैक्षिक, खेल आदि से संबंधित गतिविधियों में अवश्य भाग ले जिससे उनकी एकाग्रता में वृद्धि हो एवं अपने भविष्य निर्माण में सक्रियता बढ़े।
27. बिना किसी सूचना के विद्यार्थियों को विद्यालय परिषर में नियत स्थान से परे घूमने के लिए वर्जित करें, समझाएँ।
28. विद्यार्थी विद्यालय में या बस में अनुशासन का पालन करें, अन्यथा विद्यालय द्वारा कड़ी कार्यवाई की जा सकती है।
29. अपने बच्चों को किसी प्रकार के सोशल साइट्स में ज्यादा संलग्न न होने दें।
30. बच्चों को प्रोत्साहित करें कि उनकी उपस्थिति शत–प्रतिशत हो। प्रत्येक महीना में न्यूनतम 85% उपस्थिति अनिवार्य है।
31. सरला बिरला पब्लिक स्कूल एक नियमित अंतराल पर PTM आयोजित करता है। इस अवसर का लाभ उठाएँ व बच्चों को बताएँ कि स्कूल एक ऐसी शानदार जगह है जहाँ सीखने के लिए ढेरों अवसरों के साथ अच्छे लोगों की भरमार है।
32. आपके विचार हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। अपने बच्चे की पढ़ाई से संबंधित कोई भी विचार डायरी के माध्यम से हम तक पहुचाएँ। आप किसी भी मंगलवार (12:30 pm to 1:45 pm) को क्लास टीचर से मिलने आ सकते हैं।
33. आप फ्रंट ऑफिस **(9507035717, 9507035987)** पर फोन करके अथवा इमेल (info@sbpsranchi.com) के माध्यम से भी अपने विचार स्कूल तक पहुँचा सकते हैं।
34. वेब पोर्टल अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से आप अपने बच्चे को कराई गई बस की यथापूर्व स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसका पूर्ण विवरण दिए गए प्रवेश किट में भी प्रदान किया जाएगा।
35. विद्यालय द्वारा छात्रों के लिए चाईल्ड ऐप **'गवAAक्ष'** उपलब्ध कराया गया है जिसके द्वारा आप अपने बच्चे से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिसके अंतर्गत –शुल्क भुगतान, कक्षा में बच्चे की उपस्थिति, पाठ्यक्रम से संबंधित जानकारी, परीक्षा परिणाम, प्रोफाइल आदि जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**प्राचार्या**